ई-न्यूज

# 24 न्यूज अपडेट

WebSite.: https://24newsupdate.in

उदयपुर, शनिवार 12 अप्रैल 2025

Mail Id :desk24newsupdate@gmail.com

वर्ष 2 अंक 23



## वक्फ कानून का विरोध, मुर्शिदाबाद में 3 की मौतःभीड़ ने आज पिता-बेटे को पीट-पीटकर मारा; कलकत्ता हाईकोर्ट का आदेश- सेंट्रल फोर्स तैनात करें



कलकत्ता हाईकोर्ट ने पश्चिम बंगाल के हिंसाग्रस्त इलाकों में केंद्रीय सुरक्षा बलों की तैनाती के आदेश दिए हैं। विधानसभा में नेता विपक्ष सुवेंदु अधिकारी की याचिका पर कोर्ट ने आदेश जारी किया है। वक्फ कानून के विरोध में राज्य में 10 अप्रैल से हिंसा जारी है।

मुर्शिदाबाद जिले में शनिवार को फिर हिंसा भड़क गई। हिंसक भीड़ ने पीट-पीटकर पिता-बेटे की हत्या कर दी। इनकी पहचान हरगोविंद दास (पिता) और चंदन दास (बेटे) के रूप में हई है। दोनों हिंदू देवी-देवताओं की मूर्तियां बनाते थे। वहीं, गोली लगने से एक अन्य घायल हो गया। हिंसा जिले के शमशेरगंज ब्लॉक के धुलियान में हुई।

कल यानी 11 अप्रैल को भी धुलियान में हिंसा भड़की थी। यहां एक व्यक्ति घायल हो गया था, जिसकी आज अस्पताल में मौत हो गई। लिहाजा मुर्शिदाबाद हिंसा में अब तक 3 लोगों की मौत हो चुकी है। हिंसाग्रस्त इलाकों में इंटरनेट बंद कर दिया गया है।

ADG (लॉ एंड ऑर्डर) जावेद शमीम ने कोलकाता में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया- आज की घटना का ब्योरा अभी उपलब्ध नहीं है। पुलिस की ओर से गोली नहीं चली है, BSF की ओर से हो सकता है। ये शुरुआती जानकारी है। घायल खतरे से बाहर है। अब तक 118 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

### ममता बोलीं- दंगा न करें, सबकी जान कीमती

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शनिवार को कहा- वक्फ कानून राज्य में लागू नहीं किया जाएगा। कानून केंद्र ने बनाया है, इसलिए जो जवाब आप चाहते हैं, वह केंद्र से मांगा जाना चाहिए। मेरी अपील है कि शांत रहें। सबकी जान कीमती है, राजनीति के लिए दंगे न भड़काएं।

मुर्शिदाबाद समेत चार जिलों में 11 अप्रैल को हिंसा हुई थी। प्रदर्शनकारियों ने वाहनों में आग लगा दी थी और पुलिस पर पथराव किया था। सुइटी थाना क्षेत्र के साजूर क्रॉसिंग में पुलिस पर क्रूड बम भी फेंके गए थे। इस दौरान 10 पुलिसकर्मी घायल हुए थे।

## राज्यपाल के बाद राष्ट्रपति पर भी सुप्रीम कोर्ट सख्तःकहा- राष्ट्रपति के पास पूर्ण वीटो का अधिकार नहीं, तीन महीने में बिल पर फैसला अनिवार्य



24 न्यूज अपडेट

अपनी तरह के पहले फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने देश के राष्ट्रपति के लिए भी समय सीमा तय की है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि राज्यपाल की तरफ से भेजे गए बिल पर राष्ट्रपति को 3 महीने के भीतर फैसला लेना होगा।

दरअसल, 8 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु सरकार और राज्यपाल के मामले में ऐतिहासिक फैसला लिया था। अदालत ने कहा था कि राज्यपाल को विधानसभा की ओर से भेजे गए बिल पर एक महीने के भीतर फैसला लेना होगा।

इसी फैसले के दौरान अदालत ने राज्यपालों की ओर से राष्ट्रपति को भेजे गए बिल पर भी स्थिति स्पष्ट की। यह ऑर्डर 11 अप्रैल को सार्वजनिक किया गया।

शुक्रवार रात वेबसाइट पर अपलोड किए गए ऑर्डर में सुप्रीम कोर्ट ने संविधान के अनुच्छेद 201 का हवाला दिया।

**सुप्रीम कोर्ट ने कहा**-राज्यपालों की ओर से भेजे गए बिल के मामले में राष्ट्रपति के पास पूर्ण वीटो या पॉकेट वीटो का अधिकार नहीं है। उनके फैसले की न्यायिक समीक्षा की जा सकती है और न्यायपालिका बिल की संवैधानिकता का फैसला न्यायपालिका करेगी।

1. फैसला लेना होगाः सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अनुच्छेद 201 कहता है कि जब विधानसभा किसी बिल को पास कर दे। उसे राज्यपाल के पास भेजा जाए और राज्यपाल उसे राष्ट्रपति के पास विचार के लिए भेज दे। इस स्थिति में राष्ट्रपति को बिल पर मंजूरी देनी होगी या फिर बताना होगा कि मंजूरी नहीं दे रहे हैं।

2. ज्यूडिशियल रिव्यूः सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि आर्टिकल 201 के तहत राष्ट्रपति का निर्णय की न्यायिक समीक्षा की जा सकती है। अगर बिल में केंद्र सरकार के निर्णय को प्राथमिकता दी गई हो, तो कोर्ट मनमानी या दुर्भावना के आधार पर बिल की समीक्षा करेगा।

अदालत ने कहा कि बिल में राज्य की कैबिनेट को प्राथमिकता दी गई हो और राज्यपाल ने विधेयक को मंत्रिपरिषद की सहायता और सलाह के विपरीत जाकर फैसला किया हो तो कोर्ट के पास बिल की कानूनी रूप से जांच करने का अधिकार होगा।

3. राज्य को कारण बताने होंगेः सर्वोच्च न्यायालय ने स्पष्ट किया कि जब कोई समय-सीमा तय हो, तो वाजिब टाइम लाइन के भीतर फैसला करना चाहिए। राष्ट्रपति को बिल मिलने के 3 महीने के भीतर फैसला लेना अनिवार्य होगा। यदि देरी होती है, तो देरी के कारण बताने होंगे।

4. बिल बार-बार वापस नहीं भेज सकतेः अदालत ने कहा कि राष्ट्रपति किसी बिल को राज्य विधानसभा को संशोधन या पुनर्विचार के लिए वापस भेजते हैं। विधानसभा उसे फिर से पास करती है, तो राष्ट्रपति को उस बिल पर फाइनल डिसीजन लेना होगा और बार-बार बिल को लौटाने की प्रक्रिया रोकनी होगी।

## बेंगलुरु में हिंदू युवक,मुस्लिम लड़की से मारपीट का मामलाःप्रियांक बोले- मॉरल पुलिसिंग बर्दाश्त नहीं, ये यूपी-बिहार नहीं



बेंगलुरु के एक पार्क में एक हिंदू युवक और मुस्लिम लड़की से मारपीट करने और धमकाने का मामला सामने आया है। ये दोनों स्कूटी पर बैठे थे। तभी कुछ लड़कों ने उन्हें घेर लिया और सवाल जवाब कर वीडियो रिकॉर्ड करने लगे। लड़कों ने दोनों के साथ मारपीट भी की।

वहीं युवती से कहा 'तुम बुर्का पहनकर एक हिंदू लड़के के साथ बाइक पर क्यों बैठी हो? तुम्हें शर्म नहीं आती? आरोपियों ने लड़की से उसके परिवार वालों का नंबर मांगा। नंबर देने से इनकार करने पर वो युवती को डराने-धमकाया।मामले ने पुलिस ने पांच आरोपियों वसीम, मंसूर, अफरीद, महिन और एक नाबालिग को गिरफ्तार किया है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। घटना चंद्रा सुवर्णा लेआउट पार्क में हुई।

घटना पर राजनीति भी शुरू हो गई है। कर्नाटक के मंत्री प्रियांक खड़गे ने कहा यह यूपी-बिहार या मध्य प्रदेश नहीं है।यह प्रगतिशील राज्य है। यहां ऐसी मॉरल पुलिसिंग वाली हरकत बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस पर यूपी भाजपा ने कहा -कांग्रेस की सरकार कभी यूपी बना भी नही सकती है, कांग्रेस की सरकार में तुष्टीकरण और आतंकियों को संरक्षण मिलता है। यूपी में अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई है। कर्नाटक सरकार को यूपी से सीख लेकर अपने यहां कानून व्यवस्था और पुलिसिंग ठीक करनी चाहिए। मप्र सरकार के मंत्री विश्वास सारंग ने कहा- अपनी कमी छुपाने के लिए प्रियांक मध्यप्रदेश का नाम ले रहे हैं। बिहार भाजपा ने खड़गे के बयान को आपत्तिजनक करार दिया।

### प्रियांक खरगे- यह यूपी, एमपी या बिहार नहीं, कर्नाटक है

मल्लिकार्जुन खड़गे के बेटे प्रियांक खरगे ने घटना को लेकर कहा - 'यह यूपी-बिहार या मध्य प्रदेश नहीं है। यहां ऐसी हरकतें बर्दाश्त नहीं की जाएंगी। कर्नाटक एक प्रगतिशील राज्य है।'

### कांग्रेस की सरकार कभी यूपी बना भी नहीं सकती

यूपी भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता आलोक अवस्थी ने प्रियांक खरगे के बयान पर कहा कांग्रेस की सरकार कभी यूपी बना भी नही सकती है, कांग्रेस की सरकार में तुष्टीकरण और आतंकियों को संरक्षण मिलता है। यूपी में अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई है। यूपी का नेतृत्व एक ईमानदारी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथ है। कर्नाटक सरकार को यूपी से सीख लेकर अपने यहां कानून व्यवस्था और पुलिसिंग ठीक करनी चाहिए। यूपी में कानून को हाथ में लेने की सजा अब बच्चा बच्चा जानता है।

## मिशन 2027: गुजरात से होगी कांग्रेस में जान फूंकने की शुरुआत, पार्टी ने मॉडल राज्य के रूप में चुना



नई दिल्लीः कांग्रेस ने पहली बार देश भर से सीडब्ल्यूसी सदस्यों और वरिष्ठ नेताओं को एआईसीसी पर्यवेक्षक नियुक्त किया है, जो गुजरात में 41 नए जिला इकाई प्रमुखों के अंतिम चयन की देखरेख करेंगे.

अब तक राज्य में जिला इकाई प्रमुखों की नियुक्ति संबंधित कांग्रेस प्रभारी द्वारा राज्य नेताओं के परामर्श से की जाती थी. इसलिए यह कदम महत्वपूर्ण है.

कांग्रेस का यह कदम इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि यह उस बदलाव की शुरुआत है जिसे पार्टी देश भर में अपने संगठन में लागू करने जा रही है. इसके तहत जिला इकाई प्रमुखों को सशक्त बनाया जाएगा जो भविष्य में कांग्रेस का संचालन करेंगे.

जिला इकाई प्रमुख कांग्रेस की रणनीति में महत्वपूर्ण हुआ करते थे, लेकिन पिछले दशकों में विधायकों, सांसदों और कांग्रेस के राष्ट्रीय पदाधिकारियों के लिए उनका महत्व धीरे-धीरे कम होता गया.

अब कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने पार्टी के जिला इकाई प्रमुखों को अधिक अधिकार देकर और उन्हें संगठन में अधिक जवाबदेह बनाकर देश की सबसे पुरानी पार्टी के काम करने के तरीके को बदलने का फैसला किया है, जिसे 2025 में देश भर में नया रूप दिया जाएगा.

राहुल गांधी 2027 के गुजरात विधानसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह दोनों के गृह राज्य में भाजपा को हराने की तैयारी में हैं, इसलिए उन्होंने संगठनात्मक सुधार के लिए राज्य को एक मॉडल के रूप में चुना है.

कांग्रेस के 43 केंद्रीय पर्यवेक्षकों की राज्य स्तर के 183 पर्यवेक्षक सहायता करेंगे जो गुजरात के वरिष्ठ नेता हैं. 41 जिला इकाइयों में से प्रत्येक के लिए, एक केंद्रीय पर्यवेक्षक को राज्य के 4 पर्यवेक्षकों द्वारा सहायता प्रदान की जाएगी और वे आने वाले दिनों में नए जिला इकाई प्रमुखों की नियुक्ति की प्रक्रिया की देखरेख करेंगे.

### 15 अप्रैल को मोडासा में पर्यवेक्षकों की पहली बैठक

कांग्रेस कार्य समिति (CWC) के सदस्य जगदीश ठाकोर ने ईटीवी भारत को बताया, "सभी पर्यवेक्षकों की पहली बैठक 15 अप्रैल को अरावली जिले के मोडासा शहर में होगी, जहां भविष्य की कार्ययोजना पर काम किया जाएगा. राज्य में विभिन्न क्षेत्रों के प्रभारी कांग्रेस सचिव भी नए जिला इकाई प्रमुखों के चयन की प्रक्रिया में शामिल होंगे. स्पष्ट रूप से पार्टी की विचारधारा और वफादारी के प्रति प्रतिबद्धता पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा, क्योंकि नए जिला इकाई प्रमुख 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले पार्टी का नेतृत्व करेंगे. हमें बहुत खुशी है कि राज्य को राष्ट्रीय संगठन में सुधार के लिए एक मॉडल के रूप में चुना गया है."

गुजरात में पार्टी को मजबूत करने का यह कदम 8 और 9 अप्रैल को अहमदाबाद में आयोजित अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के अधिवेशन के तीन दिन बाद उठाया गया. कांग्रेस अधिवेशन में देश भर में जिला इकाई प्रमुखों को सशक्त बनाने की योजना का एआईसीसी के लगभग 2000 प्रतिनिधियों ने समर्थन किया था.

कांग्रेस अधिवेशन से पहले राहुल गांधी ने दो दिनों के लिए गुजरात का दौरा किया था और जिला, ब्लॉक और बूथ स्तर के प्रमुखों के साथ पार्टी में जान फूंकने की रणनीति पर चर्चा की थी. नियुक्तियां हो जाने के बाद वह नए जिला इकाई प्रमुखों से बातचीत करने के लिए फिर से गुजरात का दौरा कर सकते हैं.

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अधिवेशन में अहमदाबाद प्रस्ताव को मंजूरी दी गई, जो आने वाले दिनों में केंद्र सरकार का मुकाबला करने के लिए उठाए जाने वाले मुद्दों पर राज्य इकाइयों का मार्गदर्शन करेगा.

### गुजरात पर कांग्रेस का विशेष फोकस

कांग्रेस गुजरात में तीन दशकों से विपक्ष में है, इसलिए पार्टी राज्य पर अपना विशेष ध्यान केंद्रित कर रही है और राहुल गांधी ने यह सुनिश्चित किया कि पार्टी के प्रमुख सम्मेलन के दौरान इस पश्चिमी राज्य पर एक अलग प्रस्ताव भी पारित हो. गुजरात विधानसभा में विपक्ष के नेता अमित चावड़ा ने ईटीवी भारत से कहा, "कांग्रेस की जड़ें गुजरात में हैं और 2022 के विधानसभा चुनावों तक पार्टी का वोट शेयर 40 प्रतिशत था, जब पहली बार चुनाव लड़ रही AAP ने हमारे वोट शेयर का 13 प्रतिशत हिस्सा छीन लिया. हालांकि, तब से AAP ने लोगों के बीच अपनी पकड़ खो दी है और उनके समर्थक देश की सबसे पुरानी पार्टी में वापस आ गए हैं."

कांग्रेस नेता चावड़ी ने कहा कि भाजपा को 2022 में विपक्षी वोटों के विभाजन से फायदा हुआ, लेकिन तब से भगवा पार्टी ने राज्य के लोगों के लिए कुछ नहीं किया. उन्होंने कहा कि अगर हम अपने संगठन को मजबूत करते हैं और एक अच्छा अभियान चलाते हैं तो भाजपा को हराना संभव है.

## देशभर में UPI सर्विस 3 घंटे डाउन रहीःयूजर्स को पेमेंट करने में हुई दिक्कत, 20 दिन में तीसरी बार आई परेशानी



24 न्यूज अपडेट

देशभर में यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस यानी UPI सर्विस करीब तीन घंटे डाउन रही। शनिवार सुबह करीब 11:30 बजे से 1:00 बजे तक सबसे ज्यादा पेमेंट फेल्योर रिपोर्ट की गई। दोपहर करीब 3:00 बजे तक पेमेंट करने में दिक्कतें आईं। बीते 20 दिन में यह तीसरी बार है जब ट्रांजैक्शन में समस्या हुई।

वेबसाइट और ऑनलाइन सर्विसेज की रियल टाइम स्टेटस बताने वाला प्लेटफॉर्म डाउन डिटेक्टर के अनुसार समस्या फेस कर रहे करीब 81% लोगों को पेमेंट करने में समस्या आई। 17% लोगों को फंड ट्रांसफर करने और लगभग 2% को खरीदारी करने में दिक्कतें हुईं।

### NPCI बोला- ठीक करने के लिए काम कर रहे

नेशनल पेमेंट्स कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (NPCI) ने बताया, 'अभी रुक-रुक कर टेक्निकल इश्यू का सामना करना पड़ रहा है, जिसके चलते UPI ट्रांजैक्शन में दिक्कत आ रही है। हम इस समस्या को हल करने के लिए काम कर रहे हैं और आपको अपडेट रखेंगे। आपको हुई असुविधा के लिए खेद है।'

## FY25 में रिकॉर्ड 9.19 करोड़ लोगों ने ITR फाइल किया:देश में 10 हजार से ज्यादा लोगों की आय 10 करोड़ से ज्यादा




24 न्यूज अपडेट

वित्त वर्ष 2024-25 में 31 मार्च 2025 तक देशभर में 9.19 करोड़ लोगों ने इनकम टैक्स रिटर्न (ITR) फाइल किए। इनमें सबसे ज्यादा महाराष्ट्र के 1.39 करोड़ लोग हैं। पिछले वित्त वर्ष के मुकाबले यह 7.86% ज्यादा है।

पिछले फाइनेंशियल ईयर यानी FY2024 में इनकम टैक्स रिटर्न की संख्या 8.52 करोड़ थी। 2023 में यह संख्या 7.78 करोड़ थी। 2023 की तुलना में 2024 में 9.51% ज्यादा लोगों ने रिटर्न भरा।

देश में 10 करोड़ से ज्यादा आय वाले लोग तेजी से बढ़ रहे हैं। 31 मार्च 2025 से पहले तक 10 करोड़ से ज्यादा इनकम वाले 10,814 लोगों ने रिटर्न भरा। जबकि 5-10 करोड़ आय वाले लोगों की संख्या 16,797 है। वहीं, 1 से 5 करोड़ के बीच इनकम वाले 2.97 लाख लोगों ने रिटर्न फाइल किए हैं।

## इस हफ्ते सोने-चांदी में रही तेजी:सोना 2,339 रुपए महंगा होकर 93,353 रुपए पर पहुंचा, चांदी 92,929 रुपए किलो बिक रही



24 न्यूज अपडेट

इस हफ्ते सोने-चांदी के दामों में बढ़त देखने को मिली है। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन (IBJA) की वेबसाइट के अनुसार पिछले शनिवार यानी 5 अप्रैल को सोना 91,014 रुपए पर था, जो अब (12 अप्रैल) को 93,353 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। यानी इस हफ्ते इसकी कीमत 2,339 रुपए बढ़ी है। ये सोने का ऑल टाइम हाई भी है। वहीं, चांदी की बात करें तो ये पिछले शनिवार को 92,910 रुपए पर थी, जो अब 92,929 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई है। इस तरह इस हफ्ते इसकी कीमत 19 रुपए बढ़ी है। वहीं 28 मार्च को चांदी ने 1,00,934 रुपए ऑल टाइम हाई बनाया था।

## केनरा बैंक ने FD की ब्याज दरों में बदलाव किया:अब जमा पर 7.75% तक का ब्याज मिलेगा, देखें नई इंटरेस्ट रेट्स




24 न्यूज अपडेट

RBI के रेपो रेट में कटौती के बाद अब बैंकों ने भी फिक्स्ड डिपॉजिट यानी FD पर मिलने वाले ब्याज में कटौती करना शुरू कर दी है। केनरा बैंक ने फिक्स्ड डिपॉजिट पर ब्याज दरों को 20 बेसिस प्वाइंट की कटौती की है। इसके पहले कोटक महिंद्रा बैंक ने भी FD पर ब्याज दरों को घटाया है।

### 1 साल की FD पर अब 6.85% ब्याज

नई ब्याज दरों के अनुसार अगर अब आप केनरा बैंक में 1 साल के लिए FD कराते हैं तो आपको सालाना 6.85% की दर से ब्याज मिलेगा। वहीं 2 साल की FD पर 7.15%, 3 साल की FD पर 7.20% और 5 साल की FD पर 6.70% ब्याज मिलेगा। वहीं बैंक 444 दिन की FD पर 7.25% ब्याज ऑफर कर रहा है।

## संपादकीय : ठिठके कदम

अमेरिकी राष्ट्रपति को अब शायद यह बात समझ आने लगी है कि उनकी रणनीति बहुत कारगर साबित नहीं होने वाली । शायद इसीलिए अब बातचीत की संभावना भी खोजी जाने लगी है। सत्ता की बागडोर संभालते ही जिस तरह उन्होंने दुनिया के तमाम देशों को पहले धमकाया और फिर पारस्परिक शुल्क लगा दिया, उससे उन्हें शायद यकीन था कि सारे देश उनके आगे घुटने टेक देंगे और अमेरिका की अर्थव्यवस्था कुलांचे भरनी शुरू कर देगी। मगर पारस्परिक शुल्क लगाने के साथ दुनिया भर में उनका विरोध शुरू हो गया। बाजार नीचे की तरफ लुढ़कने शुरू हो गए। खुद अमेरिका में ट्रंप को अभूतपूर्व विरोध का सामना करना पड़ा। ऐसे में, उन्होंने अपनी शुल्क नीति पर विराम लगाना पड़ा। कुछ देशों पर उन्होंने नब्बे दिनों के लिए अपनी शुल्क नीति पर रोक लगा दी। हालांकि चीन के साथ उनका शुल्क युद्ध रोज एक नया मोड़ लेता दिख रहा है। अब चीन ने भी अमेरिका पर सवा सौ फीसद का जवाबी शुल्क लगा दिया है। फिर भी अमेरिका को लगता है कि चीन जल्दी ही घुटने टेक देगा और वह ट्रंप से बातचीत की मेज पर आएगा। पर चीन ने दूसरे देशों को अमेरिका के खिलाफ अपने पक्ष में एकजुट करना शुरू कर दिया है। डोनाल्ड ट्रंप की पारस्परिक शुल्क नीति से सबसे अधिक नुकसान खुद अमेरिका को होता नजर आ रहा है । चीन ने दूसरे देशों को कुछ रियायत के साथ अपने उत्पाद बेचने की पेशकश शुरू कर दी है। उसके बाजार पर बहुत प्रतिकूल असर नजर नहीं आ रहा। चीन का निर्यात प्रभावित होने से अमेरिकी बाजार में जरूर सुस्ती पसरनी शुरू हो गई है। हालांकि ट्रंप ने माना कि कुछ बड़ी समस्याओं को दूर करने के लिए दवाएं देनी पड़ती हैं। मगर अमेरिकी नागरिक महंगाई की मार को बहुत देर तक झेलने की स्थिति में नहीं हैं। जिन देशों पर पारस्परिक शुल्क लगाने की तिथि नब्बे दिनों के लिए टाल दी गई है, उनमें भी आधार शुल्क दस फीसद लागू है। इसी से वहां महंगाई बढ़ गई है। अगर ट्रंप अपनी जिद पर अड़े रहते हैं और नब्बे दिन बाद पारस्परिक शुल्क लागू करते हैं, तो दूसरे देश भी वैसा करने को तैयार हैं। यहां तक कि यूरोपीय संघ भी उनके इस फैसले के विरोध में है और उसने अपने जवाबी शुल्क की तारीख नब्बे दिन के लिए टाल दी है। इस तरह ट्रंप को अपने ही सहयोगियों का कड़ा विरोध झेलना पड़ रहा है। ट्रंप की पारस्परिक शुल्क नीति से सबसे अधिक विश्व व्यापार संगठन की नीतियों का उल्लंघन हो रहा है। उचित ही उसने भी ट्रंप के इस कदम पर कड़ा एतराज जाहिर किया है। विश्व व्यापार संगठन का गठन ही इस इरादे से किया गया था कि दुनिया के देश आसान नियम-शर्तों के साथ वाणिज्य-व्यापार कर सकें। उसमें गरीब देशों को शुल्कों में रियायत देने और अमीर देशों से कुछ शुल्क वहन करने की अपेक्षा की गई थी। उसी नीति के तहत अमेरिका को गरीब देशों से आयात होने वाली वस्तुओं पर शुल्क देना पड़ता था । ट्रंप ने उस नियम को दरकिनार कर दिया है। इस तरह पूरी दुनिया की आपूर्ति श्रृंखलाएं प्रभावित होंगी और वाणिज्य - व्यापार के नए समीकरण बनेंगे, जिससे व्यापार युद्ध का खतरा गहराता जाएगा। मगर आर्थिक विशेषज्ञों को यकीन है कि जिस तरह ट्रंप के कदम ठिठकने लगे हैं, वे फिर से इस नीति पर विचार करेंगे।

## बेखौफ अपराधी

वाराणसी में सामूहिक बलात्कार की दहला देने वाली घटना बेलगाम अपराध के बरक्स कानून के शासन की लाचारगी को रेखांकित करती है। वरना जिस राज्य में लगभग हर रोज सरकार अपराध और अपराधियों के खत्म होने का दावा करती रहती है, वहां आए दिन अपराधों की प्रकृति और ज्यादा विकृत और बेलगाम क्यों होती जा रही है ? यह कल्पना भी बेहद तकलीफदेह है कि जिस उत्तर प्रदेश को सबसे सुरक्षित राज्यों में से एक बताया जाता रहा है, वहां भी महिलाएं खुद को जोखिम में पा रही हैं। गौरतलब है कि हाल ही में वाराणसी में एक युवती से तेईस युवकों ने सात दिनों तक सामूहिक बलात्कार किया। युवती को नशीला पदार्थ खिला कर अलग-अलग जगहों पर ले जाकर आरोपियों ने उससे दरिंदगी की। इस घटना के बाद स्वाभाविक ही सवाल उठ रहे हैं कि अगर सबसे चौकस कानून-व्यवस्था के दावे वाले क्षेत्र में आपराधिक तत्त्व इस कदर बेलगाम हैं, तो महिलाएं कहां और कैसे खुद को सुरक्षित महसूस करें। सवाल है कि अगर राज्य सरकार यह दावा करती है कि उसके अपराध और अपराधियों के खिलाफ सख्त अभियान चलाने से आपराधिक मानसिकता वाले लोग अब कोई अपराध करने से डरते हैं तो करीब एक हफ्ते तक तेईस आरोपी एक युवती से लगातार बलात्कार जैसी वारदात को कैसे अंजाम देते रहे। किन वजहों से उनके भीतर कानून का कोई खौफ नहीं था ? इस घटना की गंभीरता के महेनजर ही खुद प्रधानमंत्री ने अधिकारियों से वारदात में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने को कहा है। मगर सवाल है कि ऐसी नौबत क्यों आई कि एक जघन्य अपराध के आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के लिए प्रधानमंत्री को कहना पड़े। राज्य की पुलिस व्यवस्था को खुद ही न केवल दोषियों को सजा दिलाने के लिए अपनी जिम्मेदारी का निर्वाह करना चाहिए, बल्कि समूचे राज्य में वास्तव में ऐसा माहौल बनाना चाहिए कि आपराधिक मानसिकता वाले लोग कोई भी अपराध करने से डरें । अपराधियों के खिलाफ सख्ती के समांतर ज्यादा जरूरी यह भी है कि ऐसा माहौल बनाया जाए, जिसमें अपराध को होने से पहले रोका जा सके और महिलाएं कहीं भी खुद को सुरक्षित महसूस करें।

# 1111 मीटर की हनुमानजी की पाग का दर्शन करने उमड़े भक्त



**24 न्यूज़ अपडेट**

हनुमान जन्मोत्सव को लेकर आज अपार उत्साह है। शहर के मंशापूर्ण हनुमान मंदिर बदनोर की हवेली में आज सुबह दुग्धाभिषेक, पंचामृत अभिषेक, रुद्राभिषेक सहित विधि विधान के साथ प्रभु को बेहद सुंदर और अलौकिक श्रृंगार करवाया गया। सुबह कलश यात्रा और पाग यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा में स्वर्ण रथ पर ँ हनुमान रूपी बालक सारथी बने तो रथ में 1111 मीटर की पाग का दर्शन करने हनुमान भक्त उमड़ पड़े। भक्तों ने शोभायात्रा का पुष्पवर्षा से स्वागत किया। पाग व कलश यात्रा शहर के अंदरूनी इलाकों से होकर श्री मंशापूर्ण हनुमान पहुंची। यात्रा में अखाड़ा प्रदर्शन भी लोगों के आकर्षण का केंद्र रहा। शोभायात्रा पुनः मंदिर परिसर पहुंची तो परिसर श्री राम के जयकारों से गूंज उठा । इसके बाद,,, प्रभु राम की जय हो , प्रभु राम की जय हो,,," के जयकारों के साथ में 1111 मीटर की पाग श्री मंशापूर्ण हनुमान को धारण करवाई गई । शाम को महा आरती होगी उससे पहले 56 भोग मंशापूर्ण हनुमान को धराया जाएगा तो वहीं से राष्ट्रीय हेमराज व्यायामशाला में महाप्रसाद का आयोजन किया जाएगा।

# पालिका अध्यक्ष-उपाध्यक्ष के निलंबन का विरोध तेज़ः सागवाड़ा में कांग्रेस का प्रदर्शन, कहा – "लोकतंत्र का अपमान"



**24 न्यूज़ अपडेट**

डूंगरपुर, सागवाड़ा | सागवाड़ा नगर पालिका अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के निलंबन के खिलाफ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को ज़ोरदार प्रदर्शन किया। इस विरोध प्रदर्शन का आयोजन जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा किया गया, जिसमें सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यकर्ताओं ने निलंबन को "राजनीतिक साजिश" करार देते हुए इसे लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ बताया। इस प्रदर्शन का नेतृत्व एआईसीसी सदस्य दिनेश खोडनिया और जिला कांग्रेस अध्यक्ष वल्लभराम पाटीदार ने किया। कार्यकर्ता सबसे पहले कांग्रेस कार्यालय सागवाड़ा में एकत्र हुए, जहां नेताओं ने संबोधन दिया। इसके बाद सभी ने एक रैली के रूप में एसडीएम कार्यालय तक मार्च किया और जमकर नारेबाज़ी की।

### निलंबन पर सवाल, कार्रवाई को बताया राजनीति से प्रेरित

कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि नगर पालिका अध्यक्ष और उपाध्यक्ष को बिना किसी ठोस आधार और बिना दोष सिद्ध हुए निलंबित कर दिया गया, जो कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया और जनता के निर्णय का अपमान है। नेताओं ने दावा किया कि यह कार्रवाई भाजपा सरकार द्वारा दलबदलू नेताओं और भूमाफियाओं के दबाव में की गई है, जिसका मकसद जनप्रतिनिधियों को कमजोर करना और लोकतांत्रिक संस्थाओं में राजनीतिक हस्तक्षेप करना है। कांग्रेस प्रतिनिधियों ने एसडीएम को राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें सागवाड़ा नगर पालिका अध्यक्ष और उपाध्यक्ष की तत्काल बहाली की मांग की गई। ज्ञापन में लिखा गया कि जब तक किसी भी जनप्रतिनिधि पर कोई सिद्ध आरोप नहीं है, तब तक उन्हें निलंबित करना न्यायसंगत नहीं है। "लोकतंत्र की हत्या नहीं सहेंगे" – कांग्रेस प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने जल्द ही निर्णय पर पुनर्विचार नहीं किया और जनप्रतिनिधियों को बहाल नहीं किया गया, तो कांग्रेस राज्यव्यापी आंदोलन के लिए बाध्य होगी। उन्होंने कहा कि "जनता द्वारा चुने गए नेताओं को बिना सुनवाई हटाना सीधे-सीधे लोकतंत्र की हत्या है, जिसे किसी भी हाल में सहन नहीं किया जाएगा।"

# बामणिया फिर बने सीएमएचओ, गलत एफिडेविट पर किसने मागी माफी, खंडपीठ ने एकल पीठ का आदेश किया खारिज



**24 न्यूज़ अपडेट**

24 न्यूज अपडेट, उदयपुर। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) उदयपुर के पद पर डॉ. शंकरलाल बामनिया की वापसी हो गई है। जोधपुर हाईकोर्ट की खंडपीठ ने एकल पीठ के आदेश को खारिज करते हुए उन्हें पुनः उसी पद पर कार्यभार संभालने के निर्देश दिए। डॉ. बामनिया ने शुक्रवार, जो ज्योतिबा फुले जयंती की छुट्टी का दिन था, उसी दिन ऑफिस पहुंचकर विधिवत रूप से कार्यभार ग्रहण कर लिया।

### क्या था मामला?

जनवरी 2025 में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने डॉ. बामनिया का तबादला उदयपुर सीएमएचओ से हटाकर जिला अस्पताल प्रतापगढ़ में उप नियंत्रक पद पर कर दिया था। यह न केवल तबादला था बल्कि एक प्रकार का डिमोशन भी था। इस आदेश के खिलाफ उन्होंने हाईकोर्ट की एकल पीठ में रिट याचिका दायर की।

### एफिडेविट ने बदल दी दिशा

एकल पीठ ने राज्य सरकार के सहायक महाधिवक्ता (।।ळ) द्वारा प्रस्तुत 2008 के पुराने संशोधित नियमों (।उमदकउमदज त्नसमे) के आधार पर बामनिया की याचिका खारिज कर दी थी। लेकिन असल में 2012 में इन नियमों में संशोधन हो चुका था, जिसकी जानकारी एकल पीठ के समक्ष ठीक से प्रस्तुत नहीं हो पाई। डॉ. बामनिया की ओर से अधिवक्ता बी.एस. संधु ने इस त्रुटि को खंडपीठ के समक्ष विशेष अपील के जरिए चुनौती दी। खंडपीठ ने पाया कि एकल पीठ के समक्ष जो एफिडेविट दिया गया था, वह अधूरी और भ्रामक जानकारी पर आधारित था। इस पर ।।ळ के प्रतिनिधि डॉक्टर बी.एल. स्वर्णकार ने कोर्ट में माफी भी मांगी।

### ट्रांसफर का आधार भी झूठा निकला

खंडपीठ में सुनवाई के दौरान डॉ. बामनिया ने बताया कि उनका ट्रांसफर जनहित या प्रशासनिक कारणों से नहीं, बल्कि कुछ झूठी और मनगढ़ंत शिकायतों के चलते दंडात्मक रूप से किया गया। उनके वकील ने बताया कि इन शिकायतों की जांच के लिए बनाई गई कमेटी ने उन्हें झूठा पाया था और रिपोर्ट निदेशालय को भेज दी गई थी।

### खंडपीठ ने दिया यह आदेश

खंडपीठ ने 9 अप्रैल 2025 को अपना फैसला सुनाते हुए एकल पीठ का आदेश रद्द कर दिया और डॉ. बामनिया को पूर्ववत सीएमएचओ उदयपुर के पद पर कार्य जारी रखने के आदेश दिए। आदेश के अनुपालन में डॉ. बामनिया ने तुरंत कार्यभार संभाल लिया। पूर्व में इस पद का अतिरिक्त प्रभार आरसीएचओ डॉ. अशोक आदित्य के पास था, जिसे अब डॉ. बामनिया ने विधिवत रूप से ले लिया है।

# लेकसिटी में बारिश का कहर, जगह जगह पेड गिरे हुए होर्डिंग उखड़े



**24 न्यूज़ अपडेट**

उदयपुर में कल रात को आंधी और तूफान के साथ हुई बारिश से लोग सहम गए। तेज हवा के बीच जगह जगह पेड़ उखड़ गए तो कई जगह होर्डिंग गिर गए। पोस्टर और बैनर भी जगह-जगह जमीन पर पड़े हुए दिखाई दिए। शहर में तूफान ने ऐसा खाफ पैदा किया कि लोगों को रात्रि जागरण करना पड़ गया। आधी रात के बाद तेज हवा के बीच बिजलियां चमकीं और अचानक पूरे शहर के बिजली भी गुल हो गई। इस बीच बारिश अचानक बारिश के दौर ने परेशान कर दिया। मौसम विभाग भी इसका पूर्वानुमान नहीं लगा पाया। विभाग ने हालांकि कल रात को 10 बजे भीलवाडा तक बारिश का अनुमान लगाया था मगर रात को 1 बजते ही मौसम बदल गया। मौसम विभाग ने रात को 3 बजे अलर्ट जारी करके उदयपुर को ओरेंज अलर्ट की श्रेणी मे ंरखा मगर तब तक बारिश व तूफान थम चुके थे। सुबह जगह जगह मुख्य रास्तें पर होर्डिंग के उखड़े पोस्टरों व पेडों की टहनियों आदि ने तूफान का मंजर बयां कर दिया। फिलहाल निगम व फायर ब्रिगेड के कर्मचारी व बिजली विभाग के कर्मचारी सेवाएं बहाल करने में जुटे हुए हैं।


# मेवाड़ प्रताप दल ने किया अस्थियों का विसर्जन



**24 न्यूज़ अपडेट**

उदयपुर । मेवाड़ प्रताप दल सेवा संस्थान द्वारा असहाय परिवारों की अस्थियों एवं लावारिस अस्थियों का हिन्दू रीति रिवाज से पंडितो के द्वारा हर की पौढ़ी गंगा किनारे विसर्जन किया गया । प्रताप दल संस्थान के जिला सचिव राकेश पालीवाल ने बताया कि दो बसों के द्वारा 117 अस्थियों को लेकर गये हरिद्वार में दल की महिला अध्यक्ष मंजू गहलोत एवं अन्य महिलाओं ने भी लावारिस अस्थियों का गंगा में विसर्जन किया गया । हरिद्वार के भीमगौडा क्षेत्र से सभी 80 यात्रियों को लेकर हर की पौढ़ी पहुंचे । वहां पर परिजनो ने मुंडन करा कर अपने परिजनों की अस्थियो को आंखों में पानी के साथ अंतिम विदाई दी गयी । संस्थान के संस्थापक लाला सालवी के नेतृत्व एवं मार्ग दर्शन में संपूर्ण कार्य किया गया । इस कार्य में दल के जिला अध्यक्ष ओंकार जोशी, बलवंत सालवी, शेर सिंह राठौड़, मोहन सालवी,भगवतीलाल पालीवाल, प्रेम राज माली, सुनील अहीर, कविता सिसोदिया, हेमलता , राधिका , भेरूसिंह, प्रभुलाल तेली, सतीश, अजय सिंह भाटी, जय माली आदि ने सहयोग किया । अस्थियों के विसर्जन के बाद हनुमान जयंती पुर्णिमा पर गंगा किनारे हर की पौढ़ी पर देवलोकगमन आत्माओ की शान्ति की कामना की गयी ।

# हनुमान जयंती पर महाप्रसादी का हुआ आयोजन



**24 न्यूज़ अपडेट**

उदयपुर 12 अप्रेल / हनुमान जयंती पर विश्वविद्यालय मार्ग स्थित श्री जेठानंद हनुमान मंदिर में महाप्रसादी का आयोजन किया गया। महेश महाराज ने बताया कि देर रात तक मंदिर में भक्तों की भीड़ रही। पूरे मंदिर परिसर में लाईटों की रोशनी की गई। भक्तों द्वारा संगीतमय हनुमान चालीसा एवं सुंदरकांड का पाठ किया गया। मंदिर में आने वाले भक्तों के लिए महाप्रसादी का आयोजन किया गया।

# जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी की अधिकारियों को सख्त हिदायतः "पानी और बजट की कमी नहीं, बेहतर प्रबंधन करें"




**24 न्यूज़ अपडेट**

उदयपुर. राज्य के जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने शनिवार को उदयपुर, राजसमंद और सलूम्बर जिलों की पेयजल आपूर्ति और समर प्लान की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में हर नागरिक को शुद्ध जल उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। "राज्य में न तो पानी की कमी है और न ही बजट की—समस्या सिर्फ प्रबंधन की है," उन्होंने कहा। जल जीवन मिशन में ढिलाई पर जताई नाराजगी जिला परिषद सभागार में आयोजित बैठक में मंत्री चौधरी ने जल जीवन मिशन के अधूरे कार्यों पर चिंता जताते हुए अधिकारियों से जवाब-तलब किया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जिन ठेकेदारों ने कार्य समय पर पूरे नहीं किए हैं, उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई हो। अवैध जल कनेक्शन पर भी उन्होंने तुरंत कार्यवाही करने के निर्देश दिए। समर प्लान पर विशेष जोर मंत्री ने कहा कि गर्मियों में सतही जल स्त्रोतों में कमी और भूजल स्तर गिरने की संभावना को देखते हुए समर प्लान पर गंभीरता से अमल किया जाए। उन्होंने हैंडपंप और नलकूप से जुड़े कार्यों को शीघ्र पूरा कराने की भी बात कही।

### बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधि और अधिकारी

इस महत्वपूर्ण बैठक में उदयपुर शहर विधायक ताराचंद जैन, उदयपुर ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा, वल्लभनगर विधायक उदयलाल डांगी, राजसमंद विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी, नाथद्वारा विधायक विश्वराज सिंह, मावली विधायक पुष्कर डांगी, सलूम्बर विधायक शांता देवी, उप जिला प्रमुख पुष्कर तेली, संभागीय आयुक्त प्रज्ञा केवलरमानी, उदयपुर जिला कलेक्टर नमित मेहता, राजसमंद कलेक्टर बालमुकुंद असावा, तथा पीएचईडी के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# JEE MAIN 2025: NTA ने जारी की अप्रैल सेशन के ANSWER KEY, 13 तक दर्ज कर सकेंगे आपत्ति



24 न्यूज़ अपडेट

कोटा. नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने 1 से 9 अप्रैल के बीच देश की सबसे बड़ी इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जॉइंट एंट्रेंस एग्जाम मेन (JEE MAIN 2025) का अप्रैल सेशन आयोजित किया था. इस परीक्षा को लेकर एक बड़ा अपडेट सामने आया है. जिसमें नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने बैचलर ऑफ इंजीनियरिंग (BE) और बैचलर ऑफ टेक्नोलॉजी (BTech) के कैंडिडेट के क्वेश्चन पेपर और प्रोविजनल आंसर की जारी कर दी गई है. इसके साथ ही कैंडीडेट्स की रिकॉर्डेड रिस्पांस भी जारी किए गए हैं, जिस पर कैंडीडेट्स आपत्ति जाता सकते हैं. नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने कैंडिडेट्स को आपत्ति जताने के लिए भी 13 अप्रैल रात 11: 50 बजे तक का समय दिया है. ऐसे में इस परीक्षा को देने वाले कैंडिडेट्स को 48 घंटे से भी ज्यादा का समय आपत्ति दर्ज करने के लिए मिला है.

एजुकेशन एक्सपर्ट देव शर्मा ने बताया कि कैंडिडेट को आंसर की को चैलेंज करने प्रश्नपत्र व रिकॉर्डेड रिस्पांस डाउनलोड कर सकता है. जिसके लिए जेईई मेन वेबसाइट पर दिए विकल्प पर जाकर अपने रजिस्ट्रेशन नंबर, पासवर्ड से डाउनलोड किया जा सकता है. कैंडिडेट्स को क्वेश्चन पेपर और रिकॉर्डेड रिस्पांस के उत्तर व उनका स्टेटस को भी जारी किया गया है. यानि कि यहां पर यह साफ कर दिया गया है कि संबंधित प्रश्न का क्या उत्तर दिया गया है या नहीं, कैंडिडेट ने उसे मार्क आफ रिव्यू में रखकर छोड़ दिया था. डाउनलोड किए गए प्रश्नपत्र पर कैंडिडेट का नाम, एप्लीकेशन नंबर व रोल नंबर अंकित है, साथ ही कैंडिडेट के प्रश्न पत्र में प्रत्येक प्रश्न उसकी क्वेश्चन आईडी व उसके आंसर को भी ऑप्शन आईडी के साथ दर्शाया गया है. नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने प्रत्येक चैलेंज के लिए 200 रुपए फीस तय की है. यह शुल्क प्रोसेसिंग फीस के रुप में देना होगा. जिसे डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड व नेट बैंकिंग के माध्यम से दिया जा सकेगा. यह प्रोसेसिंग फीस नॉन रिफंडेबल है. कैंडिडेट एक या एक से अधिक प्रश्नों को भी चैलेंज कर सकता है.

# हनुमान जयंती पर आज तुलसीदास सराय में खाटूश्याम कीर्तन, जयपुर के निशा गोविंद शर्मा देंगे भजनों की प्रस्तुति



24 न्यूज़ अपडेट

उदयपुर. हनुमान जयंती के पावन अवसर पर श्री श्याम सेवा ट्रस्ट की ओर से शनिवार को तुलसीदास जी की सराय, डबोक एयरपोर्ट रोड स्थित निर्माणाधीन श्री श्याम मंदिर प्रांगण में भव्य खाटूश्याम कीर्तन का आयोजन किया जाएगा। कीर्तन सायं 7 बजे से प्रभु इच्छा तक चलेगा। ट्रस्ट अध्यक्ष शशिकांत खेतान ने जानकारी दी कि जयपुर से प्रसिद्ध भजन गायक निशा दत्त गोविंद शर्मा इस कार्यक्रम में भाग लेने आ रहे हैं, जो हनुमान और श्याम बाबा के भजनों की संगीतमयी प्रस्तुति देंगे। उनके साथ खाटूधाम नगरी से पहली बार उदयपुर आ रहे सुप्रसिद्ध गायक अजहर अली भी अपनी मधुर वाणी से बाबा श्याम को रिझाएंगे। कार्यक्रम में अनिल आनंद शर्मा, जमनाशंकर, योगेश सैनी, इतिशा गोयल, सुनंदा चौबीसा, रजनीश मानसी शर्मा, पंकज भंडारी, प्रतीक माहेश्वरी, रितु श्रीमाली सहित कई स्थानीय भजन गायक भी अपनी प्रस्तुतियाँ देंगे।

विशेष श्रृंगार और साउंड की होगी भव्य व्यवस्था भक्तों के लिए विशाल पंडाल सजाया गया है, जिसमें सभी आराम से बैठकर भजन का आनंद ले सकेंगे। हिमांशु साउंड द्वारा सुसज्जित ध्वनि व्यवस्था और नीमच के उमेश म्यूजिकल ग्रुप का वादन इस शाम को और भी रमणीय बनाएगा। श्रृंगार दरबार को सजाने के लिए जयपुर के साँवरिया डेकोरेटर पहले ही पहुँच चुके हैं, जो श्याम बाबा, हनुमान जी और गणेश जी का विशेष श्रृंगार कराकर उन्हें विराजमान करेंगे। शशिकांत खेतान ने भक्तजनों से समय पर पहुँचकर इस आध्यात्मिक संध्या का लाभ उठाने और भजनों के रस में डूबने का अनुरोध किया है।

# प्रोफेसर डिजिटल अरेस्ट मामले में एक और गिरफ्तार:ठगों को किराए पर दिया था अकाउंट, ठगों ने पांच लाख कराए थे ट्रांसफर



24 न्यूज़ अपडेट

अजमेर की साइबर थाना पुलिस ने प्रोफेसर को डिजिटल अरेस्ट कर 5 लाख की ठगी के मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने अपना अकाउंट 15-20 हजार में ठगों को किराए पर दिया था। ठगों ने प्रोफेसर से हड़पी रकम को आरोपी के अकाउंट में ट्रांसफर किया था। साइबर थाना पुलिस मामले में जांचे कर रही है।

साइबर थाने के सीओ हनुमान सिंह ने बताया कि 24 जनवरी 2025 को उत्तर प्रदेश कानपुर निवासी अनुराग ने थाने पर मुकदमा दर्ज करवाया था। पीड़ित ने शिकायत देकर बताया कि उसके पास एक कॉल आया था।कॉलर ने बीएचईएल कंपनी का प्रतिनिधि बताया और कहा कि मुंबई से चीन भेजे गए पार्सल में अवैध मादक पदार्थ पाया गया और उसे डिजिटल अरेस्ट पर रखा था। बाद में उसे 518000 की ठगी के वारदात को अंजाम दिया गया। मामले में मुकदमा दर्ज का टीम का गठन क्या-क्या और कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

सीओ ने बताया कि टीम की ओर से प्रोफेसर के अकाउंट से जिस भी अकाउंट में ठगी का पैसा गया था, उसकी जानकारी के लिए बैंक से मदद ली गई। जिसमें खातेदार का बैंक स्टेटमेंट निकलवाया क्या। जिसके आधार पर टीम ने कार्रवाई करते हुए जिला पाली निवासी रोहित (20) पुत्र गोविंद को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने अपना अकाउंट 15 से 20 हजार में ठगों को दिया था। सीओ ने बताया कि इससे पहले भी एक आरोपी को मामले में गिरफ्तार किया जा चुका है।

# जयपुर के शिव मंदिर में तोड़फोड़:घटना के बाद स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे, शीघ्र कार्रवाई की मांग



24 न्यूज़ अपडेट

जयपुर की लालकोठी सब्जी मंडी के पास स्थित शिव मंदिर में तोड़फोड़ का मामला सामने आया है। मंदिर की मूर्तियों को भी खंडित किया गया है। इस घटना के बाद स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे। पुलिस से शीघ्र कार्रवाई की मांग की है। गोकुल सैनी ने बजाज नगर थाने में इस संबंध में शिकायत दी है। इसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया।

मंदिर के संरक्षक गोपाल सैनी ने बताया- रात में कोई मंदिर में तोड़फोड़ कर गया था। इसकी सूचना सुबह पुलिस को दी थी, जिसके बाद पुलिस कार्रवाई कर रही है। उम्मीद है जल्द ही आरोपियों को पकड़ लेंगे। अभी हम नई मूर्तियां लाकर जल्दी ही उनकी प्राण प्रतिष्ठा करवा रहे हैं।

## आरोपियों की तलाश कर रहे

एसीपी आदित्य पूनिया ने बताया- सूचना मिलते ही टीम मौके पर पहुंच गई। ये कॉमर्शियल एरिया है। सीसीटीवी फुटेज उपलब्ध है। उनकी मदद से हमारे हाथ सुराख लगें है, जिन्हें ट्रेस आउट करके हम आरोपियों की तलाश कर रहे हैं। मंदिर में मूर्ति की पुनः प्राण प्रतिष्ठा करने का फैसला मंदिर प्रशासन ने किया है। उनका जो भी निर्णय होगा प्रशासन उसमें सहयोग करेगा।

# लाडो और कुसुम सहित 25 योजनाएं फ्लैगशिप स्कीम में शामिल, हर माह होगी मॉनिटरिंग



24 न्यूज़ अपडेट

जयपुरः प्रदेश में केंद्र और राज्य संचालित 25 योजनाओं को राज्य सरकार ने फ्लैगशिप स्कीम में शामिल किया है. मुख्यमंत्री कार्यालय से अनुमोदन होने के बाद आयोजना विभाग ने इसका कार्यक्रम जारी किया. इन योजनाओं की मॉनिटरिंग के लिए जिलों के प्रभारी सचिवों और प्रभारी मंत्रियों को जिम्मेदारी दी गई है. गहलोत सरकार में भी 33 योजनाओं को फ्लैगशिप स्कीम का दर्जा दिया गया था, लेकिन इनमें सभी योजनाएं राज्य सरकार द्वारा संचालित थीं. आयोजना विभाग के सचिव आशुतोष एटी पेडणेकर की ओर से जारी आदेश के मुताबिक सभी विभागों को हर माह की 7 तारीख को मुख्यमंत्री कार्यालय और योजना विभाग को फ्लैगशिप योजनाओं की मॉनिटरिंग रिपोर्ट भेजनी होगी.

जल जीवन मिशन भी फ्लैगशिप योजनाः पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे की ओर से हाल ही में जल जीवन मिशन को लेकर सवाल खड़ा करने के बाद इस योजना को भी फ्लैगशिप योजना में शामिल किया गया है. राजे की ओर से सवाल उठाए जाने के बाद केंद्रीय जलशक्ति मंत्री सी आर पाटिल ने भी इस पर नाराजगी जाहिर की की थी.

लाडो प्रोत्साहन योजना भी शामिलः प्रदेश की चर्चित लाडो प्रोत्साहन योजना को भी फ्लैगशिप स्कीम में शामिल किया गया है. इसके तहत गरीब परिवारों की बालिकाओं के जन्म पर एक लाख रुपए का बचत बांड देने का प्रावधान है. ग्रामीण विकास विभाग की ओर से संचालित नमो ड्रोन दीदी, सोलर दीदी, लखपति दीदी, बैंक सखी, कृषि सखी और पशु सखी जैसी स्कीम को भी फ्लैगशिप स्कीम में लिया गया है.

# 17 साल से फरार नकबजन लिंग परिवर्तन कर बनने जा रहा था किन्नर, पुलिस ने दबोचा




24 न्यूज़ अपडेट

जयपुरः राजधानी में अपराध से जुड़े एक अनोखे मामले का खुलासा हुआ है, जहां 17 साल से फरार चल रहे एक शातिर नकबजन चेतन सिंघीवाल ने गिरफ्तारी से बचने के लिए न सिर्फ अपना नाम और हुलिया बदला, बल्कि लिंग परिवर्तन कर किन्नर बनने की तैयारी कर ली थी, लेकिन उसकी ये योजना जयपुर की मालवीय नगर थाना पुलिस के सामने नाकाम हो गई और उसे आखिरकार गिरफ्तार कर लिया गया.

डीसीपी ईस्ट तेजस्वनी गौतम के मुताबिक फरार आरोपियों की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा था. इसी के तहत एडिशनल डीसीपी आशाराम चौधरी और एसीपी आदित्य पूनिया के सुपरविजन में थाना अधिकारी संग्राम सिंह ने विशेष टीम का गठन किया. इसी टीम ने अथक प्रयासों के बाद चेतन सिंघीवाल को धर दबोचा. पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, चेतन सिंघीवाल के खिलाफ वर्ष 2008 में मालवीय नगर थाने में आईपीसी की धारा 457 (रात्रि में घर में घुसपैठ) और 380 (चोरी) के तहत एक प्रकरण दर्ज हुआ था. 13 फरवरी 2008 को उसे गिरफ्तार कर केंद्रीय कारागृह भेजा गया था, लेकिन जेल से जमानत पर रिहा होने के बाद वह अदालत में पेश नहीं हुआ. उसके खिलाफ स्थायी गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था और तभी से वह फरार चल रहा था. पूछताछ में चौंकाने वाले तथ्य सामने आएः तेजस्वनी गौतम ने बताया कि पुलिस को पता चला कि चेतन ने अपनी पहचान छुपाने के लिए ना सिर्फ नाम बदलकर 'चेतना' रख लिया था, बल्कि वह किन्नर समाज में शामिल होने के लिए आवश्यक दस्तावेजी प्रक्रिया भी पूरी कर चुका था. केवल लिंग परिवर्तन की चिकित्सकीय प्रक्रिया बाकी थी. आरोपी कई वर्षों तक अलग-अलग राज्यों और शहरों में अपने हुलिये और पहचान को बदलते हुए छिपता रहा. वह कभी धार्मिक आयोजनों में, तो कभी छोटे-मोटे मेलों में किन्नरों के रूप में नाच-गाने का काम भी करता रहा.

पुलिस के अनुसार, चेतन बेहद चालाक और सतर्क था. वह मोबाइल या डिजिटल माध्यमों का इस्तेमाल नहीं करता था, ताकि उसकी ट्रैकिंग न हो सके. उसके पुराने संपर्कों और ठिकानों की गहन निगरानी के बाद पुलिस को उसके मौजूदा ठिकाने का सुराग मिला. इसके बाद योजनाबद्ध तरीके से दबिश दी गई और उसे गिरफ्तार किया गया. अब आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया है, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है. पुलिस उसकी फरारी के दौरान की गतिविधियों की भी जांच कर रही है, जिससे यह पता लगाया जा सके कि उसने इस दौरान कहीं और भी अपराध तो नहीं किए.

# अलवर जिले में थाना गोविंदगढ़ पुलिस की कार्रवाई, हत्या के प्रयास के दो अलग-अलग मामलों में छह आरोपी किये गिरफ्तार, एक अवैध 12 बोर बंदूक, 11 जिंदा व पांच खाली कारतूस, दो लाठी व एक डंडा बरामद







24 न्यूज़ अपडेट

जयपुर 12 अप्रैल। अलवर जिले की थाना गोविंदगढ़ पुलिस ने हत्या के प्रयास के दो अलग-अलग मामलों में 3-3 कुल छह आरोपियों को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त हथियार एक अवैध 12 बोर बंदूक, 11 जिंदा व पांच खाली कारतूस, दो लाठी व एक डंडा बरामद किया है।

एसपी संजीव नैन ने बताया कि 7 अप्रैल को गांव फाहरी निवासी परिवादी ने रिपोर्ट देते हुए बताया कि कल शाम कासमदिन उर्फ कासम, शहजाद, उस्मान व अन्य व्यक्तियों ने उसके व परिवार के साथ लाठी-डंडों से गंभीर मारपीट की।

दूसरी रिपोर्ट 7 अप्रैल को फाहरी गांव निवासी परिवादी ने रिपोर्ट दी कि कल शाम फकरुदीन, साबिर, आसिफ उर्फ आसिन एवं अन्य व्यक्तियों ने उसके व परिवार के साथ झगड़ा व फायरिंग कर गंभीर मारपीट की। दोनों रिपोर्ट पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए एसपी नैन द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ प्रियंका व सीओ कैलाश जिंदल के सुपरविजन एवं एसएचओ गोविंदगढ़ बने सिंह के नेतृत्व में टीम गठित की गई। गठित टीम द्वारा पहले मामले में आरोपीय कासमदिन उर्फ कासम पुत्र भूरे खां मेव (34), शहजाद पुत्र रहमत (45) एवं उस्मान मेव पुत्र भूरे खां (47) निवासी फाहरी को गिरफ्तार कर दो लाठी व एक डंडा एवं दूसरे मामले में आरोपी फकरुदीन पुत्र इसाक (32), साबिर पुत्र इलियास (22) एवं आसिफ उर्फ आसिन पुत्र अब्दुल्ला खान उर्फ अब्दुल (25) निवासी फाहरी थाना गोविंदगढ़ को गिरफ्तार कर एक अवैध 12 बोर बंदूक 11 जिंदा एवं पांच खाली कारतूस बरामद किए हैं।

# बूंदी में जेल प्रहरी भर्ती परीक्षा के दौरान मधुमक्खियों का हमला: 24 परीक्षार्थी घायल, एक युवती ICU में भर्ती



24 न्यूज़ अपडेट

बूंदी | बूंदी जिले में शनिवार को आयोजित जेल प्रहरी भर्ती परीक्षा के दौरान एक विचित्र और डरावनी घटना घटी, जब परीक्षा केंद्र पर मधुमक्खियों के झुंड ने परीक्षार्थियों पर हमला कर दिया। इस हमले में 24 से अधिक परीक्षार्थी घायल हो गए, जिनमें से एक युवती की हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया है।

परीक्षा शुरू होने से पहले हुआ हमला यह घटना शहर से करीब 5 किलोमीटर दूर स्थित सर्वोदय टीटी कॉलेज परीक्षा केंद्र पर सुबह करीब 9 बजे उस समय हुई, जब परीक्षार्थी परीक्षा शुरू होने से पहले कॉलेज परिसर के बाहर खड़े थे। उसी दौरान अचानक मधुमक्खियों का एक झुंड वहां आ गया और भीड़ पर हमला कर दिया।

युवती की हालत गंभीर, आंखों तक सूज गईं हमले में लीलेड़ा निवासी सोनिया गुर्जर (21 वर्ष) को सबसे ज्यादा चोट पहुंची। उसने किसी तरह परीक्षा में बैठने की कोशिश की और करीब 20 प्रश्न हल भी किए, लेकिन उसी दौरान बेहोश हो गई। सोनिया ने बताया कि मधुमक्खी के डंक से चेहरे पर तेज सूजन, सिरदर्द और आंखें बंद हो गईं, जिसके बाद उसे तत्काल जिला अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया।

प्रशासन हरकत में आया, मेडिकल टीम तैनात घटना की जानकारी मिलते ही प्रशासन सतर्क हो गया। मौके पर अतिरिक्त जिला कलेक्टर सुदर्शन सिंह तोमर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमा शर्मा और सदर थाना प्रभारी रमेश आर्य पहुंचे। प्रशासन ने तुरंत मेडिकल टीम को तैनात कर प्राथमिक उपचार की व्यवस्था की। अन्य घायल परीक्षार्थियों को भी आवश्यक इलाज दिया गया। इस अप्रत्याशित घटना से परीक्षार्थियों में भय और भ्रम की स्थिति पैदा हो गई। कई अभ्यर्थी हमले से सहम गए और परीक्षा देने की स्थिति में नहीं रहे। हालांकि, परीक्षा नियमानुसार जारी रही, लेकिन कई अभ्यर्थियों ने समय से पहले परीक्षा छोड़ दी।

# गुलाबचंद कटारिया ने भाजपा कार्यकर्ताओं को दी नसीहतः कहा- संगठन के लिए तपे लोगों की बदौलत हैं हम, हेकड़ी नहीं होनी चाहिए



24 न्यूज़ अपडेट

उदयपुर. पंजाब के राज्यपाल और भाजपा के वरिष्ठ नेता गुलाबचंद कटारिया ने शुक्रवार को उदयपुर में आयोजित सुंदर सिंह भंडारी जयंती समारोह के अवसर पर पार्टी कार्यकर्ताओं को स्पष्ट शब्दों में नसीहत दी। उन्होंने कहा कि आज भाजपा जिस मुकाम पर है, वह सैकड़ों समर्पित कार्यकर्ताओं की मेहनत और संघर्ष का परिणाम है। ऐसे में वर्तमान कार्यकर्ताओं को "हेकड़ी" छोड़कर विनम्रता और अनुशासन के साथ काम करना चाहिए। कार्यक्रम में उन्होंने कहा, "आज हम जो राजनीतिक सफलता और सुविधाएं देख रहे हैं, वह भंडारी जैसे तपस्वी कार्यकर्ताओं की तपस्या का परिणाम है। हमें कभी यह नहीं भूलना चाहिए कि जिनके बलिदानों पर यह संगठन खड़ा हुआ है, उनके आदर्शों को आत्मसात करना ही सच्ची श्रद्धांजलि है।"

### अनुशासन प्रियता का उल्लेख, मुख्यमंत्री को भी नहीं दी थी बैठक में एंट्री

कटारिया ने सुंदर सिंह भंडारी से जुड़ा एक रोचक किस्सा साझा किया, जिसमें उन्होंने बताया कि भंडारी समय और अनुशासन के कितने पाबंद थे। उन्होंने कहा कि एक बार बैठक के समय पर दरवाजे बंद कर दिए गए थे और जब तत्कालीन मुख्यमंत्री देरी से पहुंचे तो उन्हें भी प्रवेश की अनुमति नहीं दी गई। "उनका मानना था कि चाहे कोई भी पद हो, समय का सम्मान सबको करना चाहिए। कार्यकर्ता और मुख्यमंत्री, दोनों बराबर हैं जब बात संगठन की होती है," कटारिया ने कहा।

संघर्षों से भरा जीवन, फिर भी नहीं टूटा संकल्प राज्यपाल ने बताया कि सुंदर सिंह भंडारी का जीवन अत्यंत संघर्षपूर्ण रहा। कभी उन्हें रोटी तक नसीब नहीं होती थी, वे रेलवे स्टेशन, मंदिर या दुकानों के बाहर सो जाते थे। फिर भी उन्होंने कभी हार नहीं मानी और पूरे समर्पण से संगठन को आगे बढ़ाया।

### जब भंडारी थर्ड क्लास में उतरे और CM ने लिया आशीर्वाद

कटारिया ने एक और प्रसंग साझा किया जिसमें उन्होंने बताया कि एक बार भंडारी सामान्य डिब्बे (थर्ड क्लास) में यात्रा कर रहे थे। उसी ट्रेन में से पूर्व मुख्यमंत्री मोहनलाल सुखाड़िया फर्स्ट क्लास से उतरे और उन्होंने भंडारी के पास आकर स्वयं आशीर्वाद लिया। यह वाकया भंडारी के सिद्धांतों और सम्मान को दर्शाता है।

### विशिष्ट लोगों का हुआ सम्मान

समारोह में गुलाबचंद कटारिया द्वारा कुछ विशिष्टजन को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में भाजपा पदाधिकारियों, समाजसेवियों और गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही।

# नाथद्वारा की होटल से 50 हजार का इनामी तस्कर गिरफ्तारः साथी संग दबोचा गया, 8 से ज्यादा केस दर्ज; पैरोल से फरार आरोपी भी पकड़ा गया



24 न्यूज़ अपडेट

नाथद्वारा | नाथद्वारा की एक होटल में रुका हुआ 50 हजार रुपए इनामी मादक पदार्थ तस्कर भजनलाल आखिरकार पुलिस के हत्थे चढ़ ही गया। जोधपुर रेंज की स्पेशल साइक्लोनर सेल ने "ऑपरेशन रेड प्रेयरी" के तहत इस बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए न केवल भजनलाल को, बल्कि उसके साथी पैरोल से फरार रूपाराम को भी गिरफ्तार कर लिया है। सूत्रों के अनुसार, भजनलाल अक्सर नशे की खेप की सप्लाई के दौरान नाथद्वारा में रुककर श्रीनाथजी के दर्शन करता था। इस बार भी यात्रा के इसी पैटर्न को ध्यान में रखते हुए साइक्लोनर सेल ने एक करीबी से मिले इनपुट के आधार पर उसे ट्रैक किया और नाथद्वारा की एक होटल में दबिश देकर गिरफ्तार कर लिया।

### भजनलाल लंबे समय से था फरार

रेंज आईजी विकास कुमार ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी भजनलाल पुत्र नारायणराम विश्नोई निवासी बाचला, थाना धोरीमन्ना, जिला बाड़मेर है। वह पिछले डेढ़ साल से फरार था, और मादक पदार्थ तस्करी में शामिल होने के चलते उस पर 50,000 का इनाम घोषित किया गया था। भजनलाल के खिलाफ राजस्थान के चार जिलों में आठ से अधिक केस दर्ज हैं, जिनमें NDPS एक्ट के तहत गंभीर धाराएं भी शामिल हैं।

साथी रूपाराम भी निकला बड़ा अपराधी उसके साथ गिरफ्तार हुआ साथी रूपाराम पुत्र किशनाराम विश्नोई निवासी भवानीपुर, थाना सेड़वा, बाड़मेर, मध्य प्रदेश की जेल से पैरोल पर छूटने के बाद से फरार था। उस पर मध्य प्रदेश, गुजरात और राजस्थान में मादक पदार्थ तस्करी व अन्य संगीन मामलों में केस दर्ज हैं। वह चार साल से कानून की आंख में धूल झोंक रहा था।

### बड़े पैमाने पर थी तस्करी, करोड़ों की कमाई

पुलिस के अनुसार, भजनलाल हर सप्ताह 3–4 क्विंटल डोडा छोटे वाहनों में भरकर मध्य प्रदेश, चित्तौड़गढ़ और राजस्थान के विभिन्न हिस्सों में सप्लाई करता था। पिछले एक साल में करीब 150 क्विंटल से अधिक डोडा वह राजस्थान के मारवाड़ क्षेत्र में सप्लाई कर चुका है। इस नेटवर्क से वह हर खेप पर 2–2.5 लाख रुपए और सालाना करीब डेढ़ करोड़ रुपए की अवैध कमाई करता था।

पहले वीरताराम सियोल के साथ करता था तस्करी प्रारंभिक पूछताछ में भजनलाल ने बताया कि उसने पहले कुख्यात तस्कर वीरताराम सियोल के साथ तस्करी का नेटवर्क शुरू किया था। पिछले साल वीरताराम एक हादसे में घायल हो गया, जिसके बाद भजनलाल ने रूपाराम के साथ मिलकर तस्करी का नया गठजोड़ बना लिया। नाथद्वारा से हुई यह गिरफ्तारी मादक पदार्थ तस्करों के नेटवर्क के खिलाफ एक अहम सफलता मानी जा रही है। पुलिस अब इनके नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश कर रही है और जल्द ही और गिरफ्तारियों की संभावना जताई जा रही है।

# अंधड़ में गिरी मोहनलाल सुखाड़िया की प्रतिमा, दोपहर तक सोया रहा प्रशासन, उलहाने मिले तो चले गए विधायक, दिए सख्त निर्देश



24 न्यूज़ अपडेट

24 न्यूज अपडेट, उदयपुर। राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री एवं आधुनिक राजस्थान के निर्माता कहे जाने वाले मोहनलाल सुखाड़िया की प्रतिमा शुक्रवार रात को आए तेज अंधड़ के चलते सुखाड़िया सर्कल पर एक पेड़ के गिरने के साथ ही नीचे गिर क्षतिग्रस्त हो गई। मगर आज दोपहर तक प्रशासन की ओर से कोई सुध नहीं ली गईं जिससे आमजन में भारी नाराजगी देखने को मिली। सुबह जब लोगों ने टूटकर गिरी प्रतिमा को देखा तो नगर निगम और प्रशासन के अधिकारियों को सूचित किया। लेकिन कोई नहीं आया। अरुण सुखाड़िया, जो मोहनलाल सुखाड़िया के पुत्र भी हैं, मौके पर पहुंचे और प्रशासन की निष्क्रियता पर सवाल उठाए। उन्होंने बताया कि शहर विधायक सहित जिम्मेदार अधिकारियों को सूचना दे दी थी, लेकिन दोपहर तक भी कोई अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा। उन्होंने प्रशासनिक लापरवाही का गंभीर उदाहरण बताया। कहा कि निगम आयुक्त तो फोन नहीं उठाते, यूडीए कमिश्नर ने मेरे नंबर के ब्लॉक कर रखा है। स्थानीय लोगों ने भी आक्रोश जताते हुए कहा कि जिनके नेतृत्व में राजस्थान ने विकास की राह पकड़ी, आधुनिक राजस्थान के निर्माता कहा जाता है, उनकी प्रतिमा की गिरावट पर भी प्रशासन की चुप्पी शर्मनाक है।

### शहर विधायक ताराचंद जैन हुए सक्रिय, अधिकारियों को दिए निर्देश

स्थिति की गंभीरता को देखते हुए डेमेज कंट्रोल करते हुए उदयपुर शहर विधायक ताराचंद जैन दोपहर बाद सक्रिय हुए और नगर निगम के गैराज शाखा में पहुंचकर मूर्ति का निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर नगर निगम अभियंता मुकेश पुजारी को बुलाकर मूर्ति की मरम्मत या पुनर्निर्माण पर चर्चा की। जैन ने कहा कि "यदि मूर्ति को पहले की तरह ठीक किया जा सकता है, तो उसे शीघ्र ठीक करवाया जाए। अन्यथा बिल्कुल वैसी ही नई मूर्ति बनवाकर पुनः उसी स्थान पर स्थापित की जाए।"

मूर्ति का इतिहास और स्थानांतरण गौरतलब है कि यह धातु से बनी प्रतिमा 18 जुलाई, 1989 को भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति आर. वेंकटरमण द्वारा अनावृत की गई थी और यह सुखाड़िया सर्कल का गौरव मानी जाती है। घटना के बाद नगर निगम द्वारा टूटी हुई प्रतिमा को पहले गैराज शाखा में और फिर वहां से पुरोहितों की मादड़ी स्थित निगम फायर स्टेशन में शिफ्ट कर दिया गया है।

प्रशासन की संवेदनहीनता आई सामने एक ओर जहां राज्य के इतिहास को रचने वाले महापुरुष की प्रतिमा टूटती है, वहीं दूसरी ओर कई घंटे बीत जाने के बाद भी प्रशासन की निष्क्रियता और राजनीतिक सक्रियता में देरी से जनता की नाराजगी वाजिब लगती है। हालांकि अब विधायक स्तर से कार्रवाई के निर्देश मिलने के बाद, उम्मीद की जा रही है कि जल्द ही मूर्ति को फिर से उसी सम्मान के साथ स्थापित किया जाएगा।

# भीलवाड़ा में कड़ी सुरक्षा के बीच हुआ जेल प्रहरी एग्जामः31 सेंटर्स पर हुई दो शिफ्ट की परीक्षा; कपड़ों से एक्स्ट्रा बटन और धागे भी काटे



24 न्यूज़ अपडेट

राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड की ओर से जेल प्रहरी भर्ती परीक्षा की फर्स्ट शिफ्ट आज कड़ी सुरक्षा के बीच 10 से 12 बजे तक आयोजित हुई। सेंटर्स पर तय समय से पहले कैंडिडेट्स पहुंचे जहां कड़ी चेकिंग बाद उन्हें एंट्री मिली। इस दौरान कुछ देर कैंडिडेट्स की कतार लगी।

### 31 सेंटर्स पर हुआ एग्जाम

भीलवाड़ा जिले में एग्जाम के लिए में 31 सेंटर्स बनाए इनमें 18 सरकारी व 13 प्राईवेट सेंटर्स शामिल हैं। एग्जाम दो शिफ्ट में आयोजित किए जा रहे हैं जिनमें 9000 कैंडिडेट्स शामिल हुए ।पहली पारी सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक आयोजित की गई जबकि दूसरी दोपहर 3 से शाम 5 बजे तक होगी।परीक्षा शुरू होने से एक घंटे पहले गेट बंद कर दिए गए। कैंडिडेट्स दौड़ते भागते लास्ट टाइम तक सेंटर पहुंचे ।

### सिक्योरिटी जांच के बाद मिली एंट्री

एग्जाम सेंटर में एंट्री से पहले कैंडिडेट्स के ई-एडमिट कार्ड व आधार कार्ड चेक किए गए। आधार कार्ड पर डेट ऑफ बर्थ चेक की गई। परीक्षा केंद्र पर एंट्री से पहले बायोमैट्रिक, फेस स्कैन, आइरिश स्कैन व आधार ऑथेंटिकेशन किया गया। इस दौरान कपड़ों पर एक्स्ट्रा बटन और धागे काटे गए। फर्स्ट शिफ्ट में 9000 कैंडिडेट के मुकाबले 6948 कैंडिडेट एग्जाम देने पहुंचे जबकि 2052 कैंडिडेट एबसेंट रहे।सेकंड शिफ्ट में 6944 कैंडिडेट एग्जाम देने के लिए पहुंचे जबकि 2015 कैंडिडेट एबसेंट रहे।

# 27 दुपहिया वाहन चोरी का खुलासा, 6 वाहन चोर गिरफ्तार



24 न्यूज़ अपडेट

24 न्यूज अपडेट उदयपुर. पुलिस थाना भूपालपुरा क्षेत्र में लगातार हो रही दुपहिया वाहन चोरी की बढ़ती घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए जिला पुलिस अधीक्षक श्री योगेश गोयल द्वारा आरोपियों की गिरफ्तारी व चोरी गए वाहनों की बरामदगी के निर्देश दिए गए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर श्री उमेश ओझा एवं वृत्ताधिकारी नगर पूर्व श्री छगन पुरोहित के सुपरविजन में थानाधिकारी श्री आदर्श कुमार के नेतृत्व में विशेष टीमों का गठन किया गया। टीम द्वारा घटनास्थलों का निरीक्षण कर सीसीटीवी फुटेज व मुखबिर तंत्र के माध्यम से त्वरित कार्रवाई करते हुए अभियुक्त देवीलाल पिता कालूलाल रावत (निवासीः बाना, थाना खेरोदा) को चोरी की मोटरसाइकिल सहित डिटेन किया गया। पूछताछ में देवीलाल ने अन्य साथियों शिवलाल, रवि खटीक, ओमप्रकाश खटीक, लक्ष्मण भील और लक्ष्मण मीणा के नाम उजागर किए। पुलिस टीमों ने तत्परता दिखाते हुए अन्य आरोपियों को भी विभिन्न स्थानों से गिरफ्तार किया। विशेष उल्लेखनीय है कि आरोपी रवि खटीक मंगलवाड़ थाना का हिस्ट्रीशीटर है तथा ओमप्रकाश खटीक चोरी व एनडीपीएस एक्ट में वांटेड चल रहा था। आरोपियों से प्रारंभिक पूछताछ में पता चला कि वे आसानी से लॉक खुलने वाली स्प्लेंडर मोटरसाइकिल को विशेष रूप से निशाना बनाते थे। चोरी की गई बाइक को सस्ते दामों पर बेचने के लिए ग्राहक खोजते थे। पुलिस टीम ने आरोपियों की निशानदेही पर अब तक कुल 27 दुपहिया वाहन बरामद किए हैं, जिनमें 26 मोटरसाइकिल और 1 स्कूटी शामिल है। ये वाहन निम्न थाना क्षेत्रों से चोरी किए गए थेः भूपालपुरा (10), हिरणमगरी (08), सूरजपोल (02), सांवलियाजी (01), डबोक (01), वल्लभनगर (01), प्रतापनगर (01)।

**गिरफ्तार आरोपीगणः**

देवीलाल पिता कालूलाल रावत (उम्र 24)
शिवलाल पिता भीमलाल भील (उम्र 21)
लक्ष्मण पिता चुन्नीलाल भील (उम्र 20)
लक्ष्मण मीणा पिता चतरा मीणा (उम्र 24)
रवि खटीक पिता मदनलाल खटीक (उम्र 24)
ओमप्रकाश खटीक पिता भेरूलाल खटीक (उम्र 24)

## चोरी में बरामद किये गये वाहनों का विवरण व स्थानः-

01. मोटरसाईकिल स्पलेण्डर रजि. नं. RJ27 BB 1679 थाना सुरजपोल सर्कल
02. मोटरसाईकिल स्पलेण्डर रजि. नं. RJ30 ST 1147 थाना हिरणमगरी
03. मोटरसाईकिल प्लसर रजि. नं. RJ03 NS 3104 थाना हिरणमगरी
04. मोटरसाईकिल अपाचे रजि. नं. RJ 27 BR 4022 थाना हिरणमगरी
05. मोटरसाईकिल स्पलेण्डर रजि. नं. RJ27 AE 5825 थाना भुपालपुरा
06. मोटरसाईकिल स्पलेण्डर रजि. नं. RJ27 BM 2254 थाना डबोक
07. मोटरसाईकिल स्पलेण्डर रजि. नं. RJ27 XS 3095 थाना भुपालपुरा
08. मोटरसाईकिल स्पलेण्डर रजि. नं. RJ09 DS 9664 थाना हिरणमगरी
09. मोटरसाईकिल स्पलेण्डर रजि. नं. RJ27 BC 2401 थाना भुपालपुरा
10. मोटरसाईकिल स्पलेण्डर रजि. नं. RJ27 BR 6103 थाना भुपालपुरा
11. मोटरसाईकिल स्पलेण्डर रजि. नं. UP20 BQ 3549 थाना भुपालपुरा
12. मोटरसाईकिल स्पलेण्डर रजि. नं. RJ27 AJ 8076 थाना प्रतापनगर
13. मोटरसाईकिल स्पलेण्डर रजि. नं. RJ09 JS 7920 थाना भुपालपुरा
14. मोटरसाईकिल स्पलेण्डर रजि. नं. RJ27 AD 0896 थाना हिरणमगरी
15. मोटरसाईकिल स्पलेण्डर रजि. नं. RJ06 SY 7727 थाना सांवलियाजी
16. मोटरसाईकिल स्पलेण्डर रजि. नं. RJ19 BZ 7725 थाना हिरणमगरी
17. मोटरसाईकिल स्पलेण्डर रजि. नं. RJ35 SG 6458
18. मोटरसाईकिल स्पलेण्डर रजि. नं. RJ27 AE 7300 थाना भुपालपुरा
19. मोटरसाईकिल स्पलेण्डर रजि. नं. RJ27 LS 4346 थाना भुपालपुरा
20. मोटरसाईकिल फैशन प्रो रजि. नं. GJ01 SL 3461 थाना सुरजपोल
21. मोटरसाईकिल स्पलेण्डर रजि. नं. RJ27 XS 5254 थाना हिरणमगरी
22. स्कुटी एक्सेस रजि. नं. RJ27 BW 6490 थाना हिरणमगरी
23. मोटरसाईकिल स्पलेण्डर रजि. नं. RJ30 SU 7226 थाना भुपालपुरा
24. मोटरसाईकिल स्पलेण्डर रजि. नं. RJ27 BA 8151
25. मोटरसाईकिल स्पलेण्डर रजि. नं. RJ27 BB 8979 थाना भुपालुपरा
26. मोटरसाईकिल प्लेटिना रजि. नं. GJ20 AS 5661 दाहोद
27. मोटरसाईकिल स्पलेण्डर रजि. नं. RJ27 BW 6552 थाना वल्लभनगर

# पिकअप की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की दर्दनाक मौत, गंभीर घायल को किया उदयपुर रेफर



24 न्यूज़ अपडेट

राजसमंदः चारभुजा भटेवर हाइवे 162 के केलवाड़ा बाइपास पर शनिवार दोपहर को एक बेकाबू पिकअप की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की दर्दनाक मौत हो गई. जबकि एक अन्य युवक घायल हो गया, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद उदयपुर रेफर कर दिया गया. पिकअप में सवार पांच घायलों का केलवाड़ा अस्पताल में उपचार जारी है. हादसा इतना भीषण था कि बाइक सवार एक युवक 8 से 10 फीट हवा में उछलकर धड़ाम से सड़क पर गिरा, जिससे मौके पर ही मौत हो गई.

केलवाड़ा थाना प्रभारी विशाल गवारिया ने बताया कि केलवाड़ा में हाइवे पर तलादरी क्रॉसिंग के पास बाइक सवार आ रहा था, जबकि पिकअप उदयपुर से मजेरा की तरफ जा रही थी. इसी दौरान अचानक बाइक हाइवे पर आ गई और पिकअप तेज रफ्तार में होने से नियंत्रित नहीं हो पाई. इससे पिकअप की बाइक से टक्कर हो गई. हादसे में गुंदी का भीलवाड़ा निवासी शिवलाल (30) पुत्र हजारीराम भील की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि तलादरी निवासी पुराराम पुत्र रूपाराम गमेती गंभीर घायल हो गया. घायल को केलवाड़ा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद उदयपुर रेफर कर दिया गया है.

उन्होंने बताया कि पिकअप में डीजे साउंड सिस्टम भरा हुआ था, जो उदयपुर की तरफ से आ रहा था. तेज ब्रेक लगाने से पिकअप भी पलट गई, जिससे फूलचंद झाड़ोल, रोशन लाल बडगांव, दिनेश बडगांव, नारायण उदयपुर और सुनील उदयपुर घायल हो गए, जिनका केलवाड़ा अस्पताल में उपचार जारी है. पुलिस ने घटनास्थल पर क्षतिग्रस्त वाहनों को हटाकर यातायात व्यवस्था बहाल करवाई. पुलिस ने दुर्घटना का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

नए हाइवे पर आए दिन हादसे, लोगों में आक्रोशः चारभुजा से भटेवर तक निर्माणाधीन हाइवे 162 में तकनीकी खामियों को लेकर लोगों ने सवाल उठाते हुए आक्रोश व्यक्त किया. पिछले दिनों चारभुजा के पास रिछेड़ में भी ऐसा ही हादसा हुआ, जबकि ओलादर के पास वन तलाई के पास राशन से भरा ट्रक खाई में उतर गया था. हाइवे जाम होने पर थाना प्रभारी विशाल गवारिया मय जाब्ते के घटनास्थल पर पहुंचे और लोगों से शांति बनाए रखने के लिए समझाइश की.




24 न्यूज़ अपडेट- डिजिटल संस्करण स्वामित्व एवं प्रसारण ग्रुप के लिए करण सिंह देवड़ा द्वारा ई-न्यूज पेपर के फारमेट में प्रसारित प्रधान सम्पादक - सुशील जैन फोन .88520 73787, desk24newsupdate@gmail.com सर्वविवादों का न्याय क्षेत्र उदयपुर रहेगा ।